निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने योजनाओं को लेकर की समीक्षा महत्वपूर्ण कार्यों में लेटलतीफी पर जताई नाराजगी

भिलाई नगर/ नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने विभागीय कार्य तथा शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने महत्वपूर्ण कार्यों में लेटलतीफी को लेकर नाराजगी भी जाहिर की। उन्होंने कहा कि जो कार्य सौंपा गया है उसे रुचि लेकर शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण करें। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल ने योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं मूलभूत सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए हैं। समीक्षा बैठक में निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने शासकीय योजनाओं की जानकारी ली कार्यों की प्रगति के बारे में समीक्षा की। जिसमे प्रमुख रूप से शासकीय भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग, शिकायत से संबंधित प्राप्त होने वाले आवेदन का स्टेटस, चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण, सड़कों के मरम्मत एवं संधारण, तालाब एवं उद्यानों की सफाई, खराब लाइटों के संधारण की स्थिति, अंडर ब्रिज में प्रकाश व्यवस्था, राजस्व में वृद्धि के संबंध में, निर्माण एवं विध्वंस के मलबा पर कार्रवाई, प्रतिबंधित प्लास्टिक पर कार्रवाई, नल कनेक्शन एवं जलापूर्ति के संबंध में, मितान योजना व मितान क्लब, वार्ड एवं मोहल्ले में सफाई व्यवस्था के संबंध में, मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत सौंदर्यीकरण एवं अन्य कार्य जनभागीदारी के माध्यम से, मुख्यमंत्री जी की घोषणा के कार्य, बाजार क्षेत्रों को व्यवस्थित करने के संबंध में, ठेलो की संख्या व वेंडर जोन योजना के संबंध में तथा कमजोर वर्ग आए व अन्य पिछड़ा वर्ग के संबंध में विस्तार से चर्चा की। बैठक में प्रमुख रूप से अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , उपायुक्त रमाकांत साहू, जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, मनीष गायकवाड, एनआर रत्नेश एवं पूजा पिल्ले , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर , भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख , कार्यपालन अभियंता टी.के. रणदिवे, सहायक अभियंता विनीता वर्मा, बीएल असाटी, मलखान सोरी, स्टेनो टु आयुक्त पुरुषोत्तम साहू आदि मौजूद रहे।